सूखा प्रभावित किसानों को वित्तीय मदद

चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सूखा प्रभावित किसानों (चाहे उत्पादन प्रभावित हो या नहीं) को प्रति एकड़ 9,000 रुपए की धनराशि देने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन किसानों ने वर्तमान खरीफ मौसम में धान, कोदो-कुटकी, अरहर की बुवाई की है, यदि वर्षा के अभाव में उनकी फसल खराब हो जाती है (चाहे उत्पादन हो अथवा न हो) तो उन्हें सरकार वित्तीय सहायता देगी।
- **राजीव गांधी किसान न्याय योजना** के तहत सूखा प्रभावित किसानों को गिरदावरी सर्वे के आधार पर प्रति एकड़ 9,000 रुपए के मान से मदद दी जाएगी।
- राज्य के कई क्षेत्रों में अल्पवृष्टि और अनावृष्टि के चलते सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसने खरीफ फसलों मुख्यरूप से धान, बाजरा और दलहन को प्रभावित किया है।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने **'पंडवानी' कलाकार स्वर्गीय पुनाराम निषाद और 'नाचा-गम्मत'** कलाकार स्वर्गीय मदन कुमार निषाद की जीवनी के प्रकाशन की भी घोषणा की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/relief-to-drought-affected-farmers